आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भारत के शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए चल रही प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की।
- जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में 'नशीली दवाओं को कहें ना' विषय के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- प्रशासनिक कारणों से 8 अगस्त को होने वाले लाइट एंड साउंड शो के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है।
- अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की समय–सारणी जारी की गई।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कल शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें भारत के शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए चल रही पहलों की समीक्षा की गई और प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान, प्रमुख कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन में तेजी लाने के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता, सुलभता और समावेशिता को बढ़ाने के उपायों पर विचार–विमर्श किया गया। शिक्षा मंत्री ने भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया, जो प्रत्येक शिक्षार्थी को सशक्त बनाएगी और विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देगी।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के एंटी–ड्रग स्क्वाड ने नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में 'नशीली दवाओं को कहें ना' विषय के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने छात्रों से नशामुक्त रहने और एक सार्थक भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को नशे की आदतों के शिकार होने के बजाय अपनी ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों में लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यालय एसएसबी (असम) के कमांडेंट पराग चतुर्वेदी ने भारत में बढ़ते नशे के खतरे पर तथ्य और आंकड़े प्रस्तुत किए तथा 'गोल्डन ट्रायंगल' और 'गोल्डन क्रिसेंट' के बीच स्थित अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण मादक पदार्थों की तस्करी के प्रति देश की संवेदनशीलता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान नशीले पदार्थों के दुरूपयोग पर वीडियो प्रस्तुति और संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से हाल ही में विकसित भारत–जीरामजी योजना पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विभाग के निदेशक, डॉ. अपूर्वा शर्मा ने प्रतिभागियों को समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ योजना के उद्देश्यों को अपनाने को कहा। प्रशिक्षण में प्रखंड विकास अधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारियों और क्षेत्रीय कर्मियों ने भाग लिया। हैदराबाद स्थित एनआईआरडी के विषय विशेषज्ञों ने प्रभावी रणनीतियों पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से कृषि यांत्रिकीकरण और कटाई–उपरांत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार, उद्यमियों और स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवोन्मेषकों को परामर्श इन्क्यूबेशन तथा मार्गदर्शन सहायता प्रदान करना है। चयनित उम्मीदवारों के लिए दो महीने का इन्क्यूबेशन कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के तहत द्वीप कृषि प्रौद्योगिकियाँ, नारियल और मसालों का मूल्य संवर्धन, एकीकृत मत्स्य पालन, संरक्षित खेती, जैविक खेती के उत्पाद और जलवायु–अनुकूल कृषि जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। इच्छुक उद्यमी और स्टार्टअप पन्द्रह अगस्त तक क्यारी के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग ने द्वीप समूह के पात्र स्वयं सहायता समूहों से विभाग के मत्स्य संग्रहालय–सह–जलजीव गृह परिसर में बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक एवं पात्र स्वयं सहायता समूह निर्धारित दस्तावेजों के साथ अपने संबंधित खंड विकास अधिकारी की अनुशंसा सहित आवेदन 16 अगस्त तक सहायक निदेशक कार्यालय में जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के तहत प्रशासनिक कारणों से 8 अगस्त को होने वाले लाइट एंड साउंड शो के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार अब पहला शो, जो मूल रूप से हिंदी में निर्धारित था, अब अंग्रेजी में दिखाया जाएगा। दूसरा शो हिंदी में शाम 7 बजकर 15 मिनट पर और तीसरा तीसरा शो हिंदी में रात 8 बजकर 15 मिनट पर दिखाया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से अगस्त और सितंबर माह के दौरान श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाली जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की समय–सारणी घोषित की गई है। ओपन स्टेट माउंटेन बाइक साइकिलिंग चैंपियनशिप सोलह अगस्त को आयोजित होगी, जिसके लिए प्रविष्टि की अंतिम तिथि चौदह अगस्त है। इसके अलावा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप, जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप और जिला तीरंदाजी चैंपियनशिप बाईस तथा तेईस अगस्त को आयोजित होगी। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बीस अगस्त है। सभी इच्छुक खिलाड़ियों और टीमों से अपनी प्रविष्टियाँ निर्धारित गूगल फार्म के माध्यम से जमा करने को कहा गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र (गूगल फॉर्म) लिंक और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बी.टेक कार्यक्रमों की बची हुई सीटों पर प्रवेश हेतु परामर्श की समय सारणी जारी कर दी है। परामर्श 10 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे संस्थान के सम्मेलन कक्ष में लिया जाएगा।

इसके लिए पंजीकरण सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक होगा। अभ्यर्थियों को परामर्श के दौरान अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान वन प्रभाग के तहत मोबाइल स्क्वाड रेंज की एक टीम ने कल माईल तिलक आरक्षित वन के छोटा पत्थर घूम क्षेत्र में छापेमारी कर 0.545 घन मीटर अवैध रूप से काटी गई पडाक लकड़ी के 18 टुकड़े बरामद किए। इस संबंध में भारतीय वन अधिनियम, 1927 की विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। दक्षिण अंडमान वन प्रभाग ने लोगों से प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा में सहयोग करने और अवैध वन एवं वन्यजीव उत्पादों से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 03192–255228 पर देने की अपील की है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान, डिगलीपुर में अनुबंध के आधार पर होने वाली विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। यह परीक्षा अट्ठारह से बीस अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम ने संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने वाला विधेयक पारित करने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। द्वीप समाचार ने सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण के उद्देश्य और पात्रता मानदंडों को स्पष्ट करने के समाचार के अलावा एमएसएमई से एमएसएमई सस्टेनेबल प्रमाणन योजना का लाभ उठाने की अपील करने को प्रमुखता दी है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रंगत द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान और मूल्यांकन चिकित्सा शिविर आयोजित करने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। इंफो इंडिया ने जेएनआरमए में नशीले पदार्थों को न कहे विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने प्रदेश भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा रैली आयोजित करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**